PUBLICATION NAME :	Yug Pradesh (Bhopal)
DATE :	29/07/2023
PAGE :	9

ईडीआईआई ने रिसर्च एंड इनफॉर्मेशन सिस्टम फॉर डेवलपिंग कंट्रीज के सहयोग से भारत विचार-मंथन सत्र का आयोजन किया

फ्यूचर ऑफ वर्क-इंडस्ट्री 4.0, इनोवेशन और 21वीं सदी के कौशल पर गहन विचार-विमर्श

एजेंसी, अहमदाबाद-

भारत की जी20 अध्यक्षता में युवाओं को शामिल करने और इस दिशा में उनकी सक्रिय भागीदारी के प्रयासों के तहत भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान (ईडीआईआई), अहमदाबाद ने भारत विचार-मंथन सत्र का आयोजन किया। रिसर्च एंड इनफॉर्मेशन सिस्टम फॉर डेवलपिंग कंट्रीज (आरआईएस) के सहयोग से आयोजित इस सेशन में फ्यूचर ऑफ वर्क-इंडस्ट्री 4.0, इनोवेशन और 21वीं सदी के कौशल पर गहन विचार-विमर्श किया गया।

कार्यक्रम का आयोजन युवाओं को विविधता और समावेशन पर सार्थक चर्चा, नॉलेज शेयरिंग और एडवोकेसी के लिए एक प्लेटफॉर्म उपलब्ध कराने के लिए किया गया था, इस प्रकार उन्हें इस मुद्दे के प्रति संवेदनशील बनाया गया और उन्हें अपडेट जानकारी और नॉलेज के साथ सशक्त बनाने का प्रयास किया गया।

कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि श्री हितेश मकवाना, मेयर, गांधीनगर नगर निगम,

डॉ. पंकज वशिष्ठ, एसोसिएट प्रोफेसर, आरआईएस और डॉ. सुनील शुक्ला, महानिदेशक, ईडीआईआई की उपस्थिति में हुआ। कार्यक्रम का मुख्य एजेंडा भविष्य में कामकाज के क्षेत्र में टैक्नोलॉजी से उत्पन्न होने वाली चुनौतियों से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर चर्चा के लिए युवाओं को एक प्लेटफॉर्म प्रदान करना था। साथ ही, इन चुनौतियों के बारे में गंभीर विचार-विमर्श करना और विकास के लिए अत्याधुनिक टैक्नोलॉजी के सबसे प्रभावी उपयोग की रणनीति बनाना भी इस कार्यक्रम का एक और मकसद था। इस कार्यक्रम के तहत पैनल चर्चाओं की एक श्रृंखला भी आयोजित की गई। पैनल चर्चा और विचार-मंथन को इंडस्ट्री 4.0 की पृष्ठभूमि में एमएसएमई की चुनौतियों और समाधानों पर केंद्रित रखा गया। पैनलिस्ट और दर्शक चुनौतियों से निपटने के लिए आवश्यक भविष्य के कौशल पर विचार-विमर्श करने में लगे हुए थे।

गांधीनगर नगर निगम के माननीय महापौर श्री हितेश मकवाना ने अपने संबोधन में कहा, ''मैं युवाओं से विकास के क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने का आह्वान करता हूं। उन्हें ऐसे विचार, योजनाएँ और रणनीतियाँ तैयार करनी चाहिए जो एक बेहतर इन्फ्रास्ट्रक्चर और सिस्टम रचने में मदद करें। मैं युवाओं से आग्रह करता हूं कि वे एक लक्ष्य तय करें और जिम्मेदार तरीके से उसके लिए रास्ता बनाएं। इस दिशा में समय एक अत्यंत महत्वपूर्ण कारक है और मैं युवाओं को समय का सम्मान करने, हर स्थिति के लिए तैयार रहने और पूरी निष्ठा के साथ अपने लक्ष्यों का पीछा करने की सलाह देता हूं।'' युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डालते हुए डॉ. पंकज वशिष्ठ ने कहा, ''इस वर्ष जी20 शिखर सम्मेलन में विभिन्न एंगेजमेंट ग्रुप्स की भूमिका पर ध्यान केंद्रित किया गया है।